# आगरा और मथुरा में भ्रमण के लिये हेलीकॉप्टर सेवा

## चर्चा में क्यों?

12 दिसंबर, 2023 को आगरा और मथुरा में भ्रमण के लिये हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने के संबंध में प्रदेश के पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की उपस्थिति में पर्यटन विभाग और मैसर्स राजस एयरो स्पोर्ट एंड एडवेंचर प्राइवेट लिमिटेड के बीच एमओयू किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- आगरा और मथुरा में हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने के लिये दोनों जगह हेलीपोर्ट तैयार हो गए हैं। इसका संचालन पीपीपी मोड पर कराया जाएगा। भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 25 दिसंबर को इसके उद्घाटन की संभावना है।
- पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि इन स्थलों पर हेलीपोर्ट की सुविधा से देशी-विदेशी पर्यटकों और श्रद्धालुओं को हवाई सेवा का अवसर मिलेगा। इससे सैलानियों की संख्या बढ़ेगी, स्थानीय स्तर पर गतिविधियाँ बढ़ेंगी तथा रोज़गार के नये अवसर पैदा होंगे।
- उन्होंने कहा कि अगले चरण में प्रदेश के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों (लखनऊ, कपिलवस्तु, अयोध्या, वाराणसी व नैमिषारण्य) पर पीपीपी मोड पर इसके संचालन के लिये संस्था चयन की कार्यवाही की जा रही है।
- पर्यटकों की आवश्यकताओं और विशिष्ट सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जा रही है। पीपीपी मोड पर संचालन के लिये मैसर्स राजस एयरोस्पोर्ट एंड एडवेंचर प्राइवेट लिमिटेड को 30 वर्ष की लीज पर दिया जा रहा है।
- सबसे पहले सिक्स प्लस वन सीटर हेलीकॉप्टर का संचालन किया जाएगा, फिर जरूरत के अनुसार यह संख्या बढ़ाई जा सकती है। मथुरा में तीन प्रकार की सेवा दी जाएगी- पहली हवाई परिक्रमा, दूसरी पूरे मथुरा का हवाई भ्रमण और तीसरी कनेक्टिविटी भ्रमण।
- इसी तरह आगरा में एयर सफारी आगरा के तहत भ्रमण कराया जाएगा। आगरा में विदेशी पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी दी जाएगी। साथ ही हाट एयर बैलून की भी सुविधा दी जाएगी। ताजमहल एयर सफारी भी पहली बार कराई जाएगी।
- विदित हो कि देश में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब किसी धार्मिक स्थल की एयर परिक्रमा की शुरुआत हो रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/helicopter-service-for-sightseeing-in-agra-and-mathura